> "The Committee are satisfied that the minorities themselves feel that in their interest and no less than in the interest of the country as a whole, the statutory reservation of seats for religious minorities should be abolished. "

रिजर्वेशन और आज का विाय एक ही मानसिकता का विाय है। जो उनको सही लगे, उनको सुहाये, ये पंडित जी का नाम लेंगे।

उनको नहीं सुहाएगा तो कहेंगे कि पंजितजी का वक्तव्य आज प्रासंगिक नहीं रहा। यह सब इनकी दोगली नीति है। मैं एक बात कहना चाहूँगा। मैं एक ही प्रदेश की बात बताऊंगा। आज इनका शासन आंध्र प्रदेश में चल रहा है। आंध्र प्रदेश की हाई कोर्ट के सामने आंध्र प्रदेश की सरकार ने एक पब्लिक इंटरस्ट लिटिगेशन पर उत्तर दिया। राव जी ने उल्लेख किया, वासुदेवन नायर जी ने उल्लेख किया कि उसका मिसयुटिलाइज़ेशन कैसे होता है। मैं उसका एक उदाहरण आपके सामने देना चाहूँगा। आंध्र प्रदेश के तीन माइनॉरिटी इंस्टीट्यूशन्स के लिए हाई कोर्ट में आंध्र प्रदेश सरकार की ओर से ऐफिडैविट दिया गया कि माइनारिटी इंस्टीट्यूशन में जो 234 विद्यार्थी दाखिला लेते हैं, उनमें से 188 कनवर्ट होकर एडमिशन लेते हैं। टाइम्स ऑफ इंडिया में एक लेख छपता है आंध्र प्रदेश में। यह कहा गया कि अगर इसमें कुछ कमियां है तो उनको आगे चलकर देख लिया जाएगा। जो पिछला अनुभव रहा है प्रदेश सरकारों का, मैं उसका भी उल्लेख करना चाहूँगा।

> "According to sources in the Andhra Pradesh State Council for Higher Education many of these colleges collect huge `donations' from B.Ed aspirants and encourage them to embrace Christianity so that they can get in through the minority quota. "

THE MINISTER OF WATER RESOURCES (SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI): Mr. Deputy-Speaker, Sir, if he is quoting any judgement of the High Court, then he has to authenticate that document and Table it in the House… (*Interruptions*)

SHRI DHARMENDRA PRADHAN : Sir, I would certainly lay it on the Table of the House. This has been given by the Andhra Pradesh State Higher Education Department… (*Interruptions*)

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI: Have you authenticated the document? You have to sign

the document and authenticate it… (*Interruptions*) The rule is that the hon. Member has to sign the document, give advance intimation to the Chair and then lay it on the Table of the House… (*Interruptions*) हमें नियम मत सिखाइए। हमने इनको बताया है कि किसी जजमैंट को पढ़ने के लिए सूचना देकर ऑथैन्टिकेट करके पढ़ना पढ़ता है।

श्री धर्मेन्द्र प्रधान : मैं एक ही विाय पर निवेदन करना चाहता हूँ। यह जो कहा गया कि आगे चलकर सोचा जा सकता है, …(व्यवधान)

श्री जी. वेंकटस्वामी (पेद्दापल्ली) : ये गलत बोल रहे हैं। मैं आंध्र प्रदेश से ही आता हूँ। …(व्यवधान)

SHRI DHARMENDRA PRADHAN : Sir, I would certainly like to learn from Shri Sharad Pawar and Shri Priya Ranjan Dasmunsi. There is no doubt about that… (*Interruptions*) If I am wrong, then I will withdraw it… (*Interruptions*) Sir, you please protect me… (*Interruptions*) Shri Dasmunsi, please do not harass me. If I am wrong you can guide me… (*Interruptions*)

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI: Sir, I am only telling him to take the permission of the Chair and lay it on the Table of the House… (*Interruptions*)

SHRI DHARMENDRA PRADHAN : Sir, I quote:

> "Though the Government did come up with a new rule prohibiting minority colleges from admitting students on their own, the college managements sued in the court and got the order suspended."

जब आंध्र प्रदेश सरकार ऐसे फोर्जरी के मामले में रोक लगाने का कानून लाई तो माइनॉरिटी इंस्टीट्यूशन वाले लोग हाई कोर्ट में पहुंचे और वहां से स्टे ऑर्डर लेकर आए। ये एजुकेशन माफिया राज को ढहाएगा। …(व्यवधान)

श्री कृणा तीरथ (करोल बाग) : सारे जजमैंट का यह निचोड़ नहीं होता। …(व्यवधान)

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI: Sir, I am not discouraging my young friend. He must have his say and we are here to listen to him.

Sir, if I heard him correctly, then he said that some converts were given admission in the colleges under the minority quota. Now, if these are the findings of a court, then the document from which he is quoting, that should be authenticated by him and laid on the Table of the House as a property of the House. If it is proved contrary to what he is saying, then he will have to face a privilege motion… (*Interruptions*)

SHRI DHARMENDRA PRADHAN : Sir, I am producing the documents provided by the

Andhra Pradesh State Higher Education Council. I take responsibility for it. I will lay it on the Table of the House with my signature.

…(Interruptions) …*

MR. DEPUTY-SPEAKER: This is not to be recorded and no running commentary please. Nothing will be recorded.

*(Interruptions) …**

श्री धर्मेन्द्र प्रधान : उपाध्यक्ष महोदय, मैं अपने भााण को कनक्लूड करना चाहता हूं। अगर माननीय मंत्री जी को माइनारिटी कम्युनिटी के बारे में सोचना था, तो मैं आपके माध्यम से निवेदना करना चाहूंगा …(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय **:** प्लीज रनिंग कमेंट्री न करें।

श्री धर्मेन्द्र प्रधान : उपाध्यक्ष महोदय, ये उससे आगे नहीं जा सकते। ये कंपटीशन के लिए विधेयक लाए हैं। मैं इसका विरोध करता हूं क्योंकि यह राजनीति से प्रेरित है और मुसलमान वोट बैंक की लालसा से लाया गया है। यह कांग्रेस की अन्दरूनी कलह के कारण अपने को ऊंचा उठाने के विचार से लाया गया विधेयक है। आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया इस हेतु आपको धन्यवाद।

---

* Not Recorded.

श्री इकबाल अहमद सरडगी (गुलबर्गा) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं सबसे पहले आपके माध्यम से यू.पी.ए. सरकार, श्रीमती सोनिया गांधी, श्री मनमोहन सिंह और श्री अर्जुन सिंह को मुबारकवाद देता हूं कि इन्होंने 50 साल में माइनारिटीज के लिए, माइनारिटीज एजूकेशन राइट्स को प्रोटैक्शन देने के लिए, माइनारिटीज को दूसरे सैक्शन्स के मुकाबले काबिल बनाने के लिए, कंपीट करने के लिए, जो ऐतिहासिक बिल इस सदन में पेश किया है, मैं इसका समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं। मैं इस बिल का वैलकम करता हूं।

सर, दो रोज से इस बिल पर चर्चा चल रही है। यह विाय माइनारिटीज को एजूकेशन की मैकेनिज्म से जोड़ने, एफीलिएशन और रिकॉगनीशन के लिए है। दो दिन की चर्चा में बहुत सारे आनरेबल मैम्बर्स इस मैटर को डायवर्ट कर रहे हैं और टैक्नीकलिटीज की बात कर के कहा जा रहा है कि एम.सी.ई. को ओवरटेक किया जा रहा है, डी.सी.आई. को, ए.आई.टी. ई.सी. को, सारे नार्म्स को खत्म किया जा रहा है, यह बात बिलकुल नहीं है। इस बिल में यह बात स्पट रूप से रखी गई है कि छः यूनिवर्सिटीज को आइडेंटिफाई किया गया है। इन यूनिवर्सिटीज से एफीलिएशन के लिए जा सकते हैं। जब यूनीवर्सिटीज से एफीलिएशन होती है, तो उसके कुछ नार्म्स होते हैं, कुछ गाइड लाइन्स होती हैं, कुछ स्टेंडर्ड्स होतै हैं, जिन्हें मैनटेन करने के लिए मैकेनिज्म होता है। उसका एक सिस्टम है। उस सिस्टम को फौलो करने के लिए छः यूनिवर्सिटीज आइडेंटीफाई की गई हैं, लेकिन ऐसी बात कहना कि यह ओवरटेक की जा रही हैं, यह बिलकुल अलग बात है।

एक माननीय सदस्य ने यह बात कही कि प्राइमरी एजूकेशन के लिए, माइनॉरिटीज के लिए, सरकार कुछ नहीं कर रही है बल्कि जितना भी किया जा रहा है वह प्रौफेशनल एजूकेशन के लिए किया जा रहा है। मैं उस तरफ से ऐसा कहने वाले मैम्बर्स का भी स्वागत करता हूं कि कम से कम उस साइड से इतनी हमदर्दी तो दिखाई। यह इशारा है कि माइनारिटीज के लिए प्राइमरी एजूकेशन को फ्री किया जाए। मैं उनसे एक बात पूछना चाहता हूं कि अगर माइनॉरिटीज के लिए प्रावधान किया जाता है, तो उसमें इस बिल को पास करने में कहां बाधा आती है। इसलिए मेरा कहना है कि इस बिल को न रोका जाए।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please address the Chair.

श्री इकबाल अहमद सरडगी : सर, हमने कर्नाटक के चीफ मिनिस्टर के नेतृत्व में श्री अर्जुन सिंह जी के सामने एक प्रस्ताव दिया था कि हिन्दुस्तान के सारे प्रौफेशनल कॉलेजेज में एक अनसरटेंटी है, यूनेनिमिटी नहीं है, एक कॉमन लैजिस्लेशन नहीं है, इसलिए ऐसा कोई सेंट्रल कानून लाया जाना चाहिए जिसके तहत सारी इंस्टीट्यूशन्स में यूनैनिमिटी आए। इसलिए सेंट्रल लैजिस्लेशन लाने के विचार से श्री अर्जुन सिंह ने

उस समय हमारी इस बात को मानने का वायदा किया था। इसलिए मैं इसका स्वागत करता हूं कि यू.पी.ए. सरकार की तरफ से यह बिल सदन में प्रस्तुत किया गया है। ऐसा बिल हमें पिछले 50 साल में कांग्रेस के शासन में देखने को नहीं मिला।

हमें यह देखना है कि माइनारिटीज के लिए कांस्टीट्यूशन में क्या व्यवस्था है। कांस्टीट्यूशन के आर्टीकल 32 के कहा गया है - there is a lot of ambiguity at different times in different States. On each judgement, different interpretations have been given. No guarantee of 100 per cent admission for minorities is given under article 30. Still there is ambiguity and controversy. There should be clarity on this point. For that purpose, this Bill is being brought here. आर्टीकल 32 में जो राइट्स दिए गए हैं, जो प्रिवलेज दिए गए हैं, उनमें to establish and to administer educational institutions शामिल हैं। उसमें ट्रांसपेरेंट मैकेनिज्म लाने के लिए यह बिल लाया गया है। मैं इसका सपोर्ट करता हूं।

यह बात जाहिर है कि कुछ मैम्बर्स कहते हैं कि वहां मिसयूज किया जाता है, वायलेशन होते हैं, मीटिंगों में नहीं आते हैं। इसके लिए रूल्स होते हैं। कल ही हैल्थ मिनिस्टर साहब ने एक स्टार्ड क्वश्चन के जवाब में कहा है कि उसके लिए अलग सिस्टम है।

उसके लिए एक सिस्टम है, लेकिन अगर कहीं ऐसा मिसयूस होता है तो वहां इस बिल को रोकने का कोई अधिकार नहीं बनता है। हिन्दुस्तान में 50-60 साल में एक ऐसा बिल आया है, जो माइनोरिटीज़ को कांफीडेंस, एतमाद और एम्पावरमेंट देता है तथा कांफीडेंस माइनोरिटी में कांफीडेंस आता है। इसलिए मैं इस बिल का उन लाखों-करोड़ों माइनोरिटीज़ की तरफ से स्वागत करता हूं। इस बिल को लाने के लिए यूपीए गवर्नमेंट के श्री अर्जुन सिंह जी को मैं बधाई देता हूं।

उपध्यक्ष महोदय **:** श्री बेल्लारमिन जी, साढ़े चार बजे मंत्री जी ने रिप्लाई देना है, आप सिर्फ दो मिनट बोल लीजिए।

SHRI A.V. BELLARMIN (NAGERCOIL): Mr. Deputy-Speaker, Sir, first of all I congratulate our hon. Minister for introducing the Bill.

Our territorial integrity is dependent on the emotional integration of all sections of the people. In a country like ours with plurality of ethnic, linguistic and religious groups, every section must have the opportunity to have equal growth.

The notion of equality, especially the unity among weaker sections to achieve that goal is advocated by the forces of social and economic changes like the communists. I may not confine myself to any particular religion with my universal outlook. But I can not ignore and wish away certain things. We all know that evolution of Christian ethos emerged as notion of democracy and egalitarian ideals like socialism.

No one can deny that Christians have been premiers in the field of modern education in India. They are known for their significant contribution in the field of medical services. Their institutionalised care of the handicapped and the weak sections are known to all, like the name of

Mother Teresa.

We cannot ignore the fact that Muslims have made great impact on social evolution of India through their emphasis on equality among men. Islamic influence has led to creative evolution of Indian art, music, architecture, literature, norms of social behaivour, etc.

Now, we have come to a phase in the national life where interdependence between different communities takes new configurations. We want to restore an age of creative amity and tolerance.

So, we take our minority brethren as co partners in the task of developing India. It is because we all share a common Indian heritage and language, folklore, games and music.

Indian democracy and the liberal Indian society need to provide adequate and effective means to ventilate their grievances and get redressal. Setting of National Commission for minority institutions is a right step in that direction. The defects mentioned by hon. Member Shri Sebastian Paul day before yesterday may also be looked into to make it perfect.

The aim of the Bill is to ensure the constitutional rights provided to minorities in administering institutions they establish. This Bill seeks to streamline the efficient functioning of minority institutions with an understanding mechanism that will protect all the rights of the minorities.

Over the years the rights of minorities to commence and run institutions as per their ethos have been eroded. This Bill seeks to establish a check and balance mechanism. From now on, with the parliamentary record of this Bill, a Commission will look into collision courses and to resolve conflicts. Educational institutions, especially the professional institutes shall be affiliated to Central Universities. They are six in number. Since these six universities are not covering all the States, a few more Central Universities may be opened.

Here, I would like to make an appeal. Kanyakumari region and Palayamkottai in Nellai region in Tamil Nadu are traditional seats of learning in Tamil nadu, with numerous minority run educational institutions in this part of the country.

Hence I urge upon the Union Government to establish a Central University in Kanyakumari which could be a nodal University to all the minority institutions in that area. It can even cover all such academic bodies from both Tamil Nadu and Kerala or the southern parts of these two States.

I hope it will be appreciated that my demand conforms to the efficient execution of the authority of the proposed National Commission for minority educational institutions.

I welcome the philosophy behind the Bill that the responsibility to provide educational facilities

to minority communities, especially women and weaker sections among them, is possible by empowering such communities themselves.

The proposed Commission as per the mandate will look into the conflicts and disputes arising between the State administration and the State universities on the one hand and the minority institution managements on the other. Here, I would like to emphasise that such managements must ensure better service conditions to the staff serving in the minority institutions.

The noble idea to empower the minorities to reap the gains of spreading education is commendable. It has been found that more than 80 per cent of the population in the developed countries have got educational facilities.

Finally, I would like to express my apprehension that this Commission may not have teeth in the absence of constitutional status either to this Commission or for that reason even to the National Minorities Commission. This Commission must not end up as a mere arbitrator of certain civil cases. But, it must ensure a civilised society roping in all the neglected communities in the national mainstream.

With these observations, let me conclude my speech with my support to this Bill to establish a National Commission for Minorities Educational Institutions.

श्री हरिभाऊ राठौड़ (यवतमाल) : उपाध्याक्ष जी, जो बिल सरकार लाई है, ऐसा लगता है कि इन्होंने कुछ वायदे किये थे और उन वायदों को निभाने के लिए नेशनल कमीशन का कॉमन मिनिमम प्रोग्राम के मुताबिक यह बिल लाया गया है।

असल में यह बिल अगर ठीक तरह से लाया गया होता तो और भी अच्छा होता। इसके उद्देश्य में यह स्पट किया गया है कि

> "Among the various issues raised by the representatives of the Minority communities was the difficulty faced by them in establishing and running their own educational institutions. "

यह छोटी सी बात थी। अगर इंस्टीट्यूशन का रजिस्ट्रेशन नहीं होता तो 50 साल इन्होंने राज किया, कांग्रेस का ही राज था तो इसके लिए बिल लाने की जरूरत नहीं होती। अगर कांस्टीट्यूशन में यह प्रावधान है कि कोई भी माइनोरिटी का आदमी, कोई भी इंस्टीट्यूशन या किसी भी इंस्टीट्यूशन से एफीलिएशन हो सकता है। इसमें एक दूसरी बात दिखाई दे रही है कि यह नेशनल कमीशन का जो बिल है, यह तो ऐसा लगता है कि आप माइनोरिटी यूनिवर्सिटी बना रहे हैं। अगर आपको माइनोरिटी यूनिवर्सिटी बनानी है तो उसका नाम आप अलग रख दीजिए, इसे क्लियरली माइनोरिटी इंस्टीट्यूशन बना दीजिए। इसमें अगर ऐसा किया गया तो जो भेदभाव है, वह और बढ़ जायेगा। जो बच्चे आज स्कूल और कालेज में जा रहे हैं, उनके मन में क्या आयेगा, जो यहां से रिजल्ट्स निकलते हैं, उसमें यह आयेगा कि यह माइनोरिटी स्कूल का बच्चा है, वहां से पढ़कर आया है तो उसका भविय अच्छा नहीं रहेगा। इसलिए उसे अलग नहीं करना चाहिए।.

मेरे मन में बार-बार एक क्वैश्चन आता है, जब भी मैं कांस्टीट्यूशन पढ़ता हूं तो मुझे कहीं भी माइनोरिटी डैफीनिशन नहीं मिलती है। मैंने काफी किताबें देखीं हैं, मैंने डेफीनिशन देखने की कोशिश की, लेकिन कोई भी माइनोरिटी की डैफीनिशन ठीक से नहीं बताती। अगर सरकार इसे क्लैरीफाई करे कि "Minority" means what? इसमें भी इन्होंने जो डैफीनिशन में

बताया है, वह भी ठीक नहीं है, उससे भी क्लैरीफाई नहीं होता।

> "Minority Educational Institution" means a college or institution (other than a University) established or maintained by a person or group of persons from amongst the minorities."

It means what? पहले माइनॉरिटी की डैफीनेशन तय कीजिए। अगर आप माइनॉरिटी की डैफीनेशन ही तय नहीं करेंगे तो मुझे नहीं लगता कि यह बिल ठीक पेश हो रहा है। यदि आपने कोई वायदे किए होंगे, हम भी चाहते हैं कि मुस्लिम का भला हो, माइनॉरिटी का भला हो। अगर आप अल्पसंख्यकों का भला चाहते हैं तो ऐसा विधेयक मत लाइए। आप अल्पसंख्यकों को मेनस्ट्रीम से अलग कर रहे हैं। मेरी प्रार्थना है कि जातिवाद और धर्मवाद मत बढ़ाइए।

मैं यहां पहली बार चुनकर आया हूं। मैं सब माननीय सदस्यों की बात सुन रहा हूं। हर सदस्य इसमें पोलीटिक्स ले आते हैं, अपना विाय छोड़कर दूसरे विाय में चले जाते हैं। सदन में ऐसा नहीं होना चाहिए। मैं पहली बार चुनकर आया हूं लेकिन मेरी सोच है कि जिस विाय पर बहस हो रही हो, उस विाय पर ही बोला जाए, उसमें राजनीति कम होनी चाहिए।

मेरा डिस्ट्रिक्ट अकोला है। अभी माननीय मंत्री, श्री गुलाम नबी आजाद यहां उपस्थित नहीं हैं। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने एक इंस्टीट्यूट खोला है जिसका नाम गुलाम नबी आजाद कालेज रखा है। उसमें सभी माइनॉरिटीज के बच्चे - हिन्दू, मुस्लिम, क्रिश्चियन और ईसाई - एक जगह पढ़ रहे हैं। अगर आप मुस्लिम समाज को मेनस्ट्रीम से अलग करना चाहेंगे, आप कर देंगे. तो इसका ठीक मैसेज नहीं जाएगा। मैं सोच रहा था कि सही मायने में इस बिल की कोई जरूरत नहीं है। हमारे पास पहले से ही माइनॉरिटी कमीशन है। इसमें आप जो अधिकार दे रहे हैं, वे सब उनको दे दें। इंस्टीट्यूशन का रजिस्ट्रेशन करने की बात छोटी सी है। आपको रजिस्ट्रेशन नहीं मिल रहा है। इस समय हमारे पास जो कमीशन है, उसी कमीशन को सारे अधिकार दे दें। इस बिल से आप एक और चेयरमैन बढ़ाएंगे, ऑफिस बढ़ाएंगे, खर्च बढ़ाएंगे और एक पोलीटिकल पोस्ट क्रिएट कर देंगे और वह कुछ नहीं कर सकेगा। इसलिए मेरी विनती है कि अभी जो माइनॉरिटी कमीशन है, उसे सारे अधिकार दे दें। इस बिल को लाने की जरूरत नहीं है।

SHRI ALEMAO CHURCHILL (MARMUGAO): Mr. Deputy-Speaker, Sir, I rise to support this Bill. In some States of India, the State Governments are interfering in the running educational institutions run by minorities. In my State of Goa, the State Government has been actively interfering in the running of educational institutions, especially those within Church-controlled Diocesan Education Board. The management of these institutions have contributed to establishment of schools and colleges throughout the length and breadth of the State, right from the time of liberation of the State from Portuguese Rule in 1961. Today, the Government oversees the admissions to these institutions through cumbersome administrative mechanisms and one has to commonly pull strings with prominent leaders of the ruling BJP in the State to secure admission for children even at the primary level in these convent schools.

Sir, this is a novel method adopted by the BJP, in addition to saffronisation on which minority community individuals and parents are forced to knock the doors of BJP leaders in desperation to secure admission for their children.

Conversely students from Vidya Prabodhini School in Porvorim, which incidentally is run by the

RSS affiliated organisation, benefited from an examination paper leak in the Goa Board of Secondary and High Secondary Education. The culprits have not been booked and the investigations have come to a standstill.

Sir, I urge the House to evolve methods to prevent interference in educational institutions especially run by the minority community management and adopt laws uniform to all in this country.

I call upon the National Commission of Minorities Educational Institute to look into the matter that I have raised.

SHRI BIR SINGH MAHATO (PURULIA): Mr. Deputy-Speaker Sir, I rise to support the National Commission for Minority Educational Institutions Bill, 2004. Sir, this Bill is the promise made to the people in the CMP. This has been given shape through an ordinance and subsequently by bringing forward this Bill for the protection of minority institutions.

Sir, articles 30 and 31 of the Constitution provide certain safeguards for the minorities. But this Bill will also remove some of the practical hindrances of these communities. In the National Common Minimum Programme, it has been stated to provide full equality of opportunity, particularly, in education and employment for Scheduled Castes, Scheduled Tribes, OBCs and minorities. This is one of the basic principles of the National Common Minimum Programme. This promise, which was made in the NCMP, has been fulfilled in the shape of this Bill.

This Bill will also provide the mechanism to the State to take care of the interests of the minorities. This Bill will pave the way for the recognition of the professional minority educational institutions to the Central universities. This will also encourage the minority community groups to come forward to set up some task or help out these minorities. This is a large felt demand of the minority community, especially, the educationists, the community leaders and associations of the minority institutions.

I congratulate the hon. Minister for bringing forward this Bill. I support this Bill on behalf of my Party.

SHRI M.P. VEERENDRA KUMAR (CALICUT): Mr. Deputy-Speaker Sir, first of all I congratulate the hon. Minister for bringing this Bill. I want to make one comment as the one hon. Member has talked about Kerala.

Remember Kerala with this context. During the Quit India Movement, one VAKKOM Abdul Kadar was hung by Britishers. A day prior to his execution, he wrote to his mother. This country will get Independence one day. I will be hung, I will be dead, but my Hindu brothers will look after you and family. There is history in Kerala like that also. When we talk of Kerala, we talk of VAKKOM Abdul Kadar, who is our Bhagat Singh.

The purpose of the Bill is to give some respect and also opportunity for the members of minority communities, who are neglected. I think, in a democracy, social justice must be for all and to meet social justice, the last link of the chain must be strengthened. So, the minorities are the concern of our society. We are a plural society.

16.00 hrs.

I do not want to go much into it. I generally welcome this Bill on behalf of my Party. But, I have to make one or two small points. This Bill should not be allowed to be exploited by MERCENARIES or those people who want to use it for commercial purposes. Any individual can start a college or a tutorial, whatever it is. He can get it affiliated or he can run it as benami, as my friend Dr. Sebastian Paul yesterday mentioned. If such things are allowed, the whole purpose of this Bill will be hijacked.

Also, in Kerala, there are wonderful institutions run by Churches. Shri P.K. Vasudevan Nair talked about them. Muslim institutions like MES are doing wonderful job. Of course, we have some difference with the Management. That is a different question. But, in the name of minority, anybody coming into the field and saying that he is a minority and he can start institution and just exploit it for commercial purposes, I think, that will not help minorities.

16.02 hrs. (Shri Devendra Prasad Yadav *in the Chair*)

I have got one or two more points. One point is about defining the minorities. Another point is this. On the one hand, the Bill says that Government's decision shall be final on governing disputes, on the other hand, it says that the decision cannot be challenged in the courts. I think, that will be dangerous. There has to be an appeal.

Another point is this. The Bill also says that if there is any dispute between a minority institution and a university, the decision of the Commission will be final. Normally, a university takes decisions on affiliation and UGC also has a role to play. In this case, if a university refuses to affiliate a particular institute, that can be questioned in the Commission. I wonder whether this will take away the power of the universities and the UGC! Certain institution may come up with its own syllabus and mode of examination and ask for affiliation. What would happen in such a situation? I would like to know whether there will be any condition to ensure merit-based appointments, common entrance tests and faculty appointments in these institutions. I think, these points have to be looked into.

Of course, as one of the hon. Members said, in the course of time, I think, this Bill could be perfected. Regarding the apprehension which we have about by-passing the States, because education is in the Concurrent List, the hon. Minister himself is proposing an amendment. I do not want to raise that issue any more. Generally, I welcome this Bill and also I want to say that whenever we talk of minorities, somebody is telling that minorities are a danger to this country, it is not so. It is the arrogance of some of the people in the majority which creates the problem for the minorities.

श्री आलोक कुमार मेहता (समस्तीपुर) : सभापति जी, आज अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थाओं के लिए जो बिल लाया गया है, हम उसके समर्थन में खड़े हुए हैं। यह बिल एक महत्वपूर्ण बिल है और बहुत ही सतहीतौर पर मापे जाने की कोशिश विपक्ष के सदस्यों ने की है। लेकिन मैं समझता हूं कि इस देश में जहां पर अल्पसंख्यक समुदाय के लिए संविधान में सुरक्षा का प्रावधान है। सुरक्षा के विभिन्न तरीके हैं। उनमें से एक तरीका यह भी है कि जहां पर उनके हितों की बात को नज़रअंदाज किया जाता हो या फिर पूरे तरह से अपने आप को एक्सप्रैस नहीं कर पाते हों, उसी के तहत यह जो आर्डिनेंस है या आयोग का गठन किया जाना है या किया जा रहा है, हम उसका पूरी तरह से समर्थन करते हैं।

विश्लेाण भिन्न-भिन्न तरीकों से किए गए हैं। माननीय सदस्य स्वामी जी ने कहा कि देश का सेक्यूलर स्ट्रक्चर है, संविधान सेक्यूलर फाउंडेशन पर टिका हुआ है इसलिए यह भेदभाव की बात है। मैं कहना चाहता हूं कि जिन लोगों को सप्रैस्स किया जाता रहा हो, जिनकी संख्या कम होने की वजह से उनके हितों को नजरअंदाज किया जाता रहा हो, ऐसे सिस्टम में सिक्योरिटी के लिए इस तरह के आयोग के गठन की आवश्यकता है।

मैं यह कहना चाहता हूं कि इस देश में सबसे ज्यादा भेदभाव वे लोग कर रहे हैं, जो गुजरात जैसी स्थिति पूरे देश में पैदा करने की अनवरत कोशिश करते रहते हैं। हर मौके पर, जब भी इस तरह के सुरक्षात्मक नियम-कानूनों की बात होती है, वे उनका विरोध करते हैं। हम जो अच्छे-अच्छे संस्थान चला रहे हैं, जिन्हें नार्मल चैनल में मालाफाइड इंटेंशन के साथ अवरोधित किया जाता रहा है, वैसे आर्गनाइजेशंस को ऐसे आयोग के माध्यम से इन्साफ मिल सकता है। यूपीए की सरकार की इस सराहनीय कोशिश के लिए हम शिक्षा मंत्री जी को बहुत-बहुत धन्यवाद और बधाई देते हैं।

मैं कहना चाहता हूं कि अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थाओं के लिए हमारे संविधान में प्रावधान है। उसके तहत जिस तरह का रिजर्वेशन देना है और उसके लिए जैसा प्रावधान करना है, वैसी डिप्राइव क्लास जो है, डाउनट्रॉडन है, उनके लिए उसी तरह की व्यवस्था इस आयोग के माध्यम से की जा रही है। इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं होनी चाहिए। यह हमारी यूपीए सरकार में सामाजिक और राजनीति के उच्च मूल्यों का द्योतक दिखाई दे रहा है। इसलिए मैं अपनी ओर से और अपने राट्रीय जनता दल की ओर से इस बिल का भरपूर समर्थन करता हूं।

श्री शैलेन्द्र कुमार (चायल) **:** सभापति महोदय, मैं राट्रीय अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्था आयोग विधेयक, 2004 के समर्थन में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। पक्ष और विपक्ष के कई सदस्यों की राय इस बिल के पक्ष और विरोध में आई है। आज देश में मुस्लिम अकलियत भाइयों की संख्या 13-14 करोड़ है। इनके अलावा सिख, ईसाई, जैन, पारसी, बौद्धिस्ट भी आते हैं। लेकिन अगर हम इन सब जातियों का मूल्यांकन करें, तो सबसे ज्यादा आर्थिक और सामाजिक दयनीय स्थिति मुस्लिम अकलियत की है। यूपीए सरकार ने 50 करोड़ रुपए का मुस्लिम भाइयों के लिए इस बिल में प्रावधान किया गया है, जो कि कम है। मैं चाहूंगा कि इसे और बढ़ाया जाए।

उत्तर प्रदेश की सरकार की तरफ भी हमारे विरोधियों ने इशारा किया। आदित्यनाथ जी यहां बैठे हैं। महान स्वतंत्रता सेनानी अली जौहर जी के नाम से वहां जो विश्वविद्यालय बनने जा रहा है, उस सम्बन्ध में दो बार वहां की विधान सभा में प्रस्ताव पारित हो चुका है। उस विश्वविद्यालय में केवल मुस्लिम छात्र ही नहीं पढ़ेंगे...(व्यवधान)

योगी आदित्यनाथ **:** हमें उस पर विरोध नहीं है। विरोध इस बात का है कि आजम खां जैसे व्यक्ति उसके कुलपति होंगे।

सभापति महोदय **:** आप टोका-टाकी करके उन्हें डिस्टर्ब न करें।

श्री शैलेन्द्र कुमार **:** आप उसमें संशोधन करें।...(व्यवधान)

सभापति महोदय : शैलेन्द्र जी, आप चेयर को एड्रैस करें.।

...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Nothing will go on record except what Shri Shailendra Kumar says.

*(Interruptions) ...**

सभापति महोदय : आदित्यनाथ जी, आपकी बात रिकार्ड पर नहीं जा रही है।

श्री शैलेन्द्र कुमार : आप अपना विरोध व्यक्त कर सकते हैं, लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि उस विश्वविद्यालय में केवल मुस्लिम बच्चे ही नहीं पढ़ेंगे,बल्कि तमाम जाति और धर्मों के बच्चे भी पढ़ने आएंगे।

---

* Not Recorded.

उसमें मैडिकल, इंजीनियरिंग आदि सभी वियों की शिक्षा की व्यवस्था की गयी है। लेकिन अफसोस की बात है कि विपक्ष का कोई भी सदस्य जब खड़ा होता है तो उसका चश्मा धुंधला हो जाता है। इनका काम केवल मुस्लिम के नाम पर विरोध करना ही रह जाता है। चाहे कोई भी क्षेत्र रहा हो, मुस्लिमों का बहुत बड़ा योगदान इस देश में रहा है। लड़ाई की बात आती है तो इस देश में वीर अब्दुल हमीद पैदा हुआ है, ब्रूश अगर हाथ में आया तो फिदा हुसैन पैदा हुआ है और संगीत में मौ. रफी, तलत महमूद, बिस्मिल्ला खां, जाकिर हूसैन जैसे लोग पैदा हुए हैं। खेल के क्षेत्र में मो. अजरुद्दीन, मो. कैफ और इरफान पठान जैसे खिलाड़ी हैं तो वैज्ञानिक के रूप में एपीजे अब्दुल कलाम जैसे लोग इस देश में पैदा हुए हैं। इसलिए अपने विपक्ष के साथियों से मैं कहना चाहूंगा कि वे दुराग्रह के चश्में से न देखें, बल्कि देश की जो वास्तविक स्थिति है, उस पर विचार करें। पिछले दशक की ओर जाकर देखें तो नौकरियों में अक्लियतों की संख्या 50-55 प्रतिशत थी लेकिन आज वह एक-दो प्रतिशत रह गयी है। उनमें बेरोजगारी भी सबसे अधिक बढ़ी हुई है। इसलिए सभापति जी, मैं ज्यादा न कहते हुए इस बिल का समर्थन करता हूं और अपनी बात समाप्त करता हूं।

श्री समिक लाहिरी (डायमंड हार्बर) : सभापति जी, सबसे पहले मैं सरकार को धन्यवाद देना चाहूंगा जो वह राट्रीय अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्था आयोग विधेयक, 2004 लाई है। इस बिल को लाने की जरुरत नहीं पड़ती अगर पिछले एक दशक से माइनोरिटीज इंस्टीट्यूशन्स पर हमला न हुआ होता। पिछले एक दशक में, हमारी अल्पसंख्यक संस्थाओं पर, कुछ प्रदेशों में फिजिकली हमला किया गया है, यह बड़े दुर्भाग्य की बात है। ऐसी कुछ राजनीतिक ताकतें जोकि सरकार में बैठी हुई हैं, उन लोगों ने भी इसमें हिस्सा लिया। अगर यह न हुआ होता तो आज यह जो प्रोटैक्शन की बात हो रही है, वह न होती। सरकार ने जो बिल ड्राफ्ट किया है, मैं उसका समर्थन करता हूं। इस बिल के दो-तीन पहलू और हैं, जिन पर सरकार को सोचना चाहिए, ऐसा मेरा अनुरोध है। पहली बात तो यह है कि हमारे देश में माइनोरिटीज इंस्टीट्यूशन्स बहुत दिनों से इस देश में चल रहे हैं। मेरा अनुरोध है कि इन इंस्टीट्यूशन्स में कमर्शियलाइजेशन बैकडोर से न हो, इस पर सरकार को ध्यान देना होगा। इसके कारण हमारी शिक्षण संस्थाओं में बहुत भयानक स्थिति पैदा हो गयी है। इसको रोकना का प्रावधान भी किया जाए, यह मैं सरकार से गुजारिश करूंगा। हमारे देश में शिक्षा कंकरेंट लिस्ट में है। प्रादेशिक सरकारों को भी कॉफिडेंस में लिया जाए, सरकार को यह भी देखना होगा।

तीसरी बात यह है कि इस बिल में 6 विश्वविद्यालयों के नाम इन्होंने लिये हैं लेकिन ये बढ़ भी सकते हैं क्योंकि अगर एक प्रांत के जो माइनोरिटीज एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन्स को दूसरे प्रांत में एफीलिएशन लेना पड़ेगा तो मुश्किल होगा। यह भी देखना

पड़ेगा कि एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन्स जो कानून बन रहा है, उसका गलत इस्तेमाल करते हुए जो एग्जिस्टिंग एफीलिएशन है, उसको छोड़कर दूसरी ओर कई इस्टीट्यूशन भाग रहे हैं। कम से कम यह न हो। जो रूल फ्रेम किया जाएगा, वह एक्ट के अंदर ही उस रूल में उसका प्रावधान होगा। आपने मुझे बोलने का मौका दिया, उसके लिए धन्यवाद।

श्री असादूद्दीन ओवेसी (हैदराबाद) : जो बिल पेश किया गया है, मैं उसकी ताईद में खड़ा हुआ हूं। जो करारदात ऐवान में रखी गई है, मैं उसकी मुखालफत में खड़ा हुआ हूं। मैं सबसे पहले सरदार पटेल जी की बात को कोट करना चाहूंगा जो एडवाइजरी कमेटी के चेयरमैन थे।

In the speech delivered on February 28, 1947, he says:

> "Nobody can be more interested than us in India in the protection of our minorities. Our concern is to satisfy every interest and safeguard the interests of all minorities to their satisfaction."

This was reported in the *Framing of India's Constitution* by B. Shiva Rao (Selected Documents, Vol. II, page 66).

Regarding the Bill that has been moved, I would like to say that this is the first serious attempt that has been made in the last fifty years for the implementation of a Fundamental Right provided in Article 30. There are many Directive Principles of our Constitution. One of them prohibits slaughter of cows. In the 1980s various State Governments have made laws on this because the Directive Principles of the Constitution had said so. This Government is making a serious attempt to implement a Fundamental Right of the Constitution which empowers the minorities to open and administer colleges. In fact, this is a charter of rights that was given to the minorities.

I request the hon. Minister through you to look into the suggestions I am offering. On clause 2 (a), I would like to tell him that there is no need of a 'Scheduled University'. Let it be written 'a university of choice'. Secondly, I would like that Boards should be included. This means bodies which conduct examinations and award certificates for students passing Class VIII, Class X and Class XII in any State. Further, it should mean any school, college or institution, including university, established and administered by a person or a group of persons from among the minorities.

As far as the qualification is concerned, I request the hon. Minister that it should mean a certificate or a diploma or a degree or any other qualification awarded by a Board, Council or University.

Regarding Chapter 3, my suggestion is that notwithstanding anything contained in any other law for the time being in force, a minority educational institution may seek permission, approval, recognition and affiliation to a Board, Council or University.

As far as Chapter 4 is concerned, my request is to look into specific complaints regarding deprivation or violation of rights of minorities to establish and administer educational institutions of their choice regarding approval, recognition, permission or affiliation by a Board, Council or University and report its findings to Central Government. In Chapter 6, clause 18 (1) should be deleted because a Scheduled University is not at all required. Let it be 'a university of choice.

I also request the hon. Minister through you to examine my suggestion that the number of members should be increased from four to six. This Bill talks only about technical education but not about medical education, dental education, etc. this also needs to be looked into. If you add, 'Council', in section 2, it would mean any statutory body established by an Act of Parliament to set up norms and standards for recognising institutions of medical and technical education. As of now, the Bill talks only about technical education.

The whole premise of bringing in this Bill is that the State Governments were not much interested in giving affiliations. Now, if this power is again given to the State Governments, it would be open to abuse.

परसों श्री रावत बहुत अच्छा शेर बोले। उन्होंने कहा कि " इब्तदाए इश्क है, आगे देखिए होता है क्या" फिर उन्होंने कहा कि " शुरूआत अच्छी अंजाम बुरा है" पांच साल जब उनकी हुकूमत थी तो हिन्दोस्तां एक गुलिस्तां था। आपने इस गुलिस्तां को उजाड़ने की पूरी कोशिश की। इस पर एक शायर ने जो शेर कहा, उसकी सही अकासी आप लोगों के दौरे हुकूमत पर पड़ती है कि " बरबादी ये गुलिस्तां के

लिए एक ही उल्लू काफी था, हर शाख पर उल्लू बैठा है, अंजामे गुलिस्तां क्या होगा " आपने कहा - इब्तदाये इश्क है। इकबाल ने भी आपके लिए बड़ी अच्छी बात कही है।...(व्यवधान)

श्री रामजीलाल सुमन (फ़िरोज़ाबाद) : सर, यह शेर गलत पढ़ रहे हैं। शेर इस तरह से है -

इब्तदाये इश्क है रोता है क्या, आगे-आगे देखिये होता है क्या।

मुझे बेहद तकलीफ होती है कि जिन लोगों का उर्दू अदब से रिश्ता है, जो उर्दू भाा को जानते हैं, वे लोग शेर गलत पढ़ते हैं।

श्री असादूद्दीन ओवेसी : मैंने पूरा शेर नहीं पढ़ा, मैंने सिर्फ मिसरा पढ़ा था। इकबाल ने कहा

है -

"कनात न कर आलमे रंगो बू पर,

मुकामात आहोफुगां और भी हैं।"

चेयरमैन साहब, मैं गुजारिश करूंगा कि जिन बातों को मैंने यहां रखा है, मंत्री जी उन पर गौर करेंगे, जायजा लेंगे और यह कोशिश सही सिम्त में है। आप सही काम कर रहे हैं। पिछले पांच सालों में ह्यूमैन रिसोर्स डेवपलमैन्ट मिनिस्ट्री को संघ परिवार का एक सिस्टर ऑर्गेनाइजेशन बना दिया गया था। लेकिन अब सही तरीके से काम हो रहा है। जो सजेशंस आपके सामने रखे

गये हैं, अगर आप इन्हें इनकारपोरेट करेंगे तो बड़ी मेहरबानी होगी।

श्री मदन लाल शर्मा (जम्मू) : मोहतरम साहिबे सदर, जनाब मैं लम्बी बात शायद नहीं कर पाऊं। लेकिन जो अकलियतों के बारे में यहां इब्तदाई कानून पेश किया गया है, मैं इसकी ताईद में खड़ा हुआ हूं। मैं वजीरे तालीम जनाब अर्जुन सिंह जी को मुबारकबाद पेश करता हूं। यह दुरुस्त बात है कि देर आयद,दुरुस्त आयद।

जिन्होंने इस कानून को यहां पेश किया और चंद लम्हों के बाद यह पास भी होगा। बहुत सारे ऑनरेबल मैम्बर्स ने अपनी तकरीर में इसकी ताईद की और एक अकलियत फिरके के लिए जंगे आजादी के 56 वर्ा गुजर जाने के बाद में जिनके तहाफुज के लिए जो बहुत कुछ करना चाहिए था, वक्त-वक्त की सरकारों ने नहीं किया। आज हमारी यू.पी.ए. की सरकार ने इस कानून को पेश किया है। मैं महसूस करता हूं कि यह हमें फख के साथ कहना चाहिए कि उस तरफ के एन.डी.ए. के भाइयों ने बार-बार कांग्रेस का नाम लिया है और वे यह भूल रहे थे। मैं समझता हूं कि बहुत कुछ तो मैं नहीं कह सकता हूं क्योंकि उम्र का लिहाज है, तजुर्बे की भी कमी है, लेकिन योगी आदित्यनाथ जी ने बार-बार कहा, उनके अल्फाज जहन में आ रहे हैं, उन्हें मालूम होना चाहिए कि जंगे आजादी की लड़ाई कांग्रेस ने लड़ी थी, उस फेहरिश्त में इनका किसी का नाम नहीं है। यह कांग्रेस ही थी, जो इस मुल्क को योजनाबद्ध तरीके से पांच साला मंसूबों के तहत 45 वर्ों में यहां तक लाई है और जो लकीर इस देश के महान नेता गांधी जी ने खींची थी, बदकिस्मती से चंद वर्ों पहले उस लकीर को टेढ़ा कर दिया गया, जिसे सीधा करने में हमारी यू.पी.ए. सरकार को वक्त दरकार है।

मैं एक बात कहना चाहूंगा कि यह वोटों की राजनीति की बात कर रहे थे। लेकिन साहिबे सदर अपनी विसासत से इनको कह देना चाहता हूं कि कांग्रेस ने कभी वोटों की राजनीति नहीं की। पिछले 56 सालों का इतिहास है, तारीख है। आप कांग्रेस का चुनाव मंशूर निकालकर पढ़ लीजिए, कांग्रेस ने कभी भी इलाके, भाषा और जबान के नाम पर वोट नहीं मांगे, चाहे इक्तेदार में आये या न आये। लेकिन यहां तो ऐसे लोग भी बैठे हैं जिन्होंने मंदिर के नाम पर वोट लेकर इस देश का सत्यानाश किया, इस देश का इस्तेहसाल किया और चाहे वे माइनोरिटी के अकलियतों के तबके हों, उनका क्या बुरा हाल किया। आप पिछले दिनों में गुजरात की हालत देख सकते हैं।...(व्यवधान) कश्मीर की बात पर मेरे साथी चले गये, वह जज्बाती तकरीर कर रहे थे कि कश्मीर से हिंदुओं के निकाल दिया गया। वे यह भूल गये कि जगमोहन साहब इस हाउस के मैम्बर नहीं हैं, क्योंकि मैं कश्मीर का रहने वाला हूं और इत्तेफाक से 1990 तक मैं वहां की सरकार में मंत्री भी था। जब वहां जगमोहन साहब का दौर था।

जब जगमोहन जी वहां के गवर्नर थे तो जैसे आज यहां बसों में लाल चौक की बात की जाती है, उस समय वहां श्रीनगर में रावलपिंडी कहा जाता था। इस किस्म के वे जो रहनुमां थे, उन्होंने खुद छूट दे रखी थी कि यहां से हिन्दुओं को निकाल दिया जाए। उनकी मंशा उसमें क्या थी कि वहां अकलियत सेफ रहे। अदरवाइज़ वहां हिन्दुओं को मारा जा रहा था। पिछले 12-13 वर्ों से वहां कौन मर रहे हैं? आज भी सैकड़ों की तादाद में जो लोग मर रहे हैं उसमें हिन्दू नहीं मर रहे हैं, मुस्लिम अकलियत के लोग ही मर रहे हैं। ...(व्यवधान)

सभापति महोदय : माननीय सदस्य शर्मा जी, आप विाय पर आइए।

श्री मदन लाल शर्मा : मैं माननीय सदस्य की बात का जवाब दे रहा था। एक ऑनरेबल मैम्बर ने कहा कि वहां से हिन्दुओं को निकाला गया। मैं कहना चाहता हूँ कि बड़ी देर के बाद अकलियतों की ताकत के लिए यूपीए सरकार ने जो कामन मिनिमम प्रोग्राम के अंदर हमारा कमिटमैंट है, हमारा वादा है और हम मानते हैं कि कांग्रेस हो या हमारी कोआलिशन सरकार हो, हम जो कहते हैं वह करते हैं।

सभापति महोदय : आप कनक्लूड करें।

श्री मदन लाल शर्मा : आप भी बैठने के लिए कह रहे हैं तो मैं ज्यादा बात न कहते हुए इस बिल की ताईद करते हुए बैठता हूँ।

SHRI K. FRANCIS GEORGE (IDUKKI): Sir, I rise to support this Bill. The hon. Minister, ever since he took over the reins of the Ministry of Human Resource Development, has been trying to instill confidence in the minorities and to protect the rights of the minorities which was under some sort of threat, I should say, during the last four to five years.

Now, what is the context of this Bill? Education involves not merely the acquisition of knowledge but also character-building and propagation of culture. Hence, it is important to enable religious communities to impart education to its members that matches the uniqueness of their spiritual cultures and their traditions, so long as it does not go in conflict with the spirit of our Constitution. The rights of the minorities - religious and linguistic - revolve around Article 30 of our Constitution. It is fundamental and inalienable. At the same time, we should understand that this is a sacred trust that has been reposed by the founding fathers in the minorities of our country.

But what we see now is that the scope of rights of minorities has been progressively whittled down from a stage where the minorities could run educational institutions with a sprinkling of members from other communities to a stage where the Apex Court has imposed a ceiling of 50 per cent on admissions from the concerned community. The minority communities have made enormous investments into these institutions, many of which are unaided. These institutions have been built up with the perfect understanding that the full scope of Article 30, the rights that have been guaranteed under Article 30 of our Constitution, will be available to them. Natural justice demands that this understanding is not eroded unilaterally.

Now, certain doubts have been expressed here by my hon. friends from the other side about certain provisions of this Bill. First of all, there has been a mention about the constitution of this Commission, the provision that the Chairman and the members of this Commission shall be from the minority

communities. I heard the arguments saying that this is against the Constitution and it might be struck down in the court of law.

MR. CHAIRMAN: Please conclude now.

SHRI K. FRANCIS GEORGE : Sir, I have not even started yet. In two minutes, I am concluding, as you wish.

I think, this provision is necessary. We can even call it a necessary evil as the desired level of sensitivity, goodwill and in-depth level of understanding may not otherwise be obtained.

As regards affiliation to universities, there is a Schedule of Universities mentioned here, but I think, a few more good universities could have been added to this list like the Aligarh Muslim

University (AMU) or the Banaras Hindu University (BHU).

As regards affiliation, we have aided and unaided institutions in this country. If an aided institution, which functions in a particular State, opts for affiliation into another university in the Schedule, then it can create a lot of problems. The hon. Minister has brought an amendment, which is very good. I would like to take this opportunity to congratulate the hon. Minister for eradicating this confusion. Otherwise, there could have been a lot of confusion as far as curricula, conduct of examination, rules and regulations, etc. are concerned. Now, all those issues have been addressed by the hon. Minister's amendment.

As regards the change of Members, it is said that they will be given an opportunity to be heard. I would like to know as to who will hear them.

MR. CHAIRMAN : Mr. George, you should now come to your last point.

SHRI K. FRANCIS GEORGE : Yes, Sir. I am concluding. In Chapter 4, clause 11, sub-clause (b) "Look into specific complaints regarding deprivation or violation of rights of minorities to establish and administer educational institutions of their choice……" it is mentioned that this Commission will do it. I think, one more word has to be added along with deprivation or violation, that is, abuse of rights of minorities to establish and administer educational institutions of their choice, and any dispute relating to affiliation.

I would like to mention one more point. In the T. M. A. Pai case, the Supreme Court directed the Central Government to come out with a suitable legislation to regulate admissions, and fee structure in private educational institutions or unaided or self-financing educational institutions. This law is there to protect the rights, whereas the other one, which is being contemplated, is to regulate.

If my knowledge is correct, the hon. Minister is calling a Conference of Education Ministers next month in Bangalore.

MR. CHAIRMAN: Please conclude.

SHRI K. FRANCIS GEORGE : There should not be any conflict in these two laws. There should not be any overlapping provision, and they should go side-by-side. I would say that, probably, for the past several years there has never been a legislation like this piece of legislation intended to protect the rights of the minorities, especially in the education field. The law should be foolproof and it should really help the minority community. It should instil confidence in them, and promote educational values in our country.

I once again take this opportunity to congratulate the hon. Minister for having come out with this piece of legislation.

डॉ. शफ़ीकुर्रहमान बर्क (मुरादाबाद) : मोहतरिम सभापति जी, ...(व्यवधान)

सभापति महोदय : बर्क साहब, कृपया समय का ख्याल रखिए। दो मिनट से ज्यादा न बोलिए।

डॉ. शफ़ीकुर्रहमान बर्क : जनाब मैं तो ख्याल रखूंगा, लेकिन आप भी ख्याल रखिएगा, यह मसला मायनारिटी एजूकेशन के बारे में है।

सर, जहां तक नैशनल कमीशन फार मायनारिटीज एजूकेशनल इंस्टीट्यूशंस बिल इस सदन में लाया गया है, मैं इसका सपोर्ट करता हूं और मुबारकबाद देता हूं कि हमारे शिक्षा मंत्री जो बिल लाए हैं, मैं समझता हूं कि यकीनन इससे मुसलमानों को कुछ राहत मिलेगी, लेकिन अफसोस यह है कि हमारा खाना-पीना, चलना-फिरना, देखना-सुनना और हंसना-बोलना, सब कुछ पाकिस्तान से जोड़ दिया जाता है। हमारी कोई भी हरकत हो, हमारे भाइयों को अच्छी नहीं लगती। एजूकेशन के सिलसिले में भी मुसलमानों को एजूकेट नहीं किया जाए या मुसलमानों को इल्म नहीं मिले। ये सब यहां कह रहे थे और इसका विरोध कर रहे थे। मैं कहना चाहता हूं - यानी

"हम आह भी करते हैं, तो बदनाम हो जाते हैं

वे कत्ल भी करते हैं, तो चर्चा नहीं होता। "

यह मामला है। हमने इस देश के लिए कौन सी कुर्बानी नहीं दी। इस देश की आजादी के लिए, जेलें हमने काटीं, सूली पर हम चढ़े। अशफाक उल्ला खां ने अपने आप को फांसी पर चढ़ाया। मौलाना मोहम्मद अली जौहर ने राउंड टेबल क़ॉन्फ्रेस में जाकर यह बात नहीं कही कि मैं गुलाम देश से आया हूं, यदि मुझे आप आजादी का परवाना नहीं देंगे, तो मेरी कब्र के लिए भी आपको जगह यहीं देनी होगी और उनका इन्तकाल भी वहीं हो गया। उसी तरीके से हिन्दुस्तान में अंग्रेजों के खिलाफ सबसे पहले फतवा जिन्होंने दिया था वे अल्लामां फजल-ए-हक खैराबादी थे।

हकीम अजमल खां, डा. मुख्तार अंसारी, मौलाना अब्दुल कलाम आज़ाद और मौलाना हसरत मोहानी जैसे लोग इस देश में पैदा हुए। उन्होंने कुर्बानी दी, लेकिन इसके बावजूद कुर्बानियों का सिला ईमानदारी से देखा जाए तो नहीं मिल रहा है और अभी तक नहीं मिला है। हम चाहते हैं कि देश के अंदर बच्चे तालीम हासिल करें, हमारे बच्चों को इबतदाई तालीम और यूनिवर्सिटी की भी तालीम मिले आज इसके लिए यह बिल लाया गया है, यह भी हमारे भाईयों को नागवार है। उन्होंने हिन्दुस्तान के अंदर कितने गुजरात, मुरादाबाद बनवाए और कितनी जगह मुसलमानों का कत्लेआम कराया तथा बाबरी मस्ज़िद को शहीद कराया।...(व्यवधान)

सभापति महोदय : अब आप अपना भाण समाप्त करिए, नहीं तो हम यहां से घोाणा कर देंगे कि आपका भाण समाप्त हुआ।

डॉ. शफ़ीकुर्रहमान बर्क : इसके बावजूद यह कहने के लिए तैयार हैं, यह इन्हें शोभा नहीं देता है। अगर मुसलमान इस देश में जिन्दा नहीं रहेगा तो यह देश कैसे चलेगा? अगर मुसलमान तालीम याफ्ता नहीं होगा तो यह देश पिछड़ जाएगा, कोई भी कौम तालीम याफ्ता होने से रह जाएगी।...(व्यवधान)

सभापति महोदय : बर्क जी, अब आप अपना स्थान ग्रहण कीजिए।

...(व्यवधान)

डॉ. शफ़ीकुर्रहमान बर्क : जिस तरह कोई इंसान पैरालाइज़्ड हो जाता है आप उसे हैल्दी नहीं कह सकते। जब तक मुसलमान और दूसरे लोग तालीम हासिल नहीं करेंगे, डेवलप नहीं होंगे तो उस वक्त तक वह सोसायटी हैल्दी नहीं कही जा सकती।...

(व्यवधान)

सभापति महोदय : अब आपका भाण समाप्त हो गया, आसन से डिक्लेयर हो गया, नियमन हो गया।

...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : Nothing will go on record.

*(Interruptions) ...**

सभापति महोदय : रिकार्ड में आपकी कोई बात नहीं जा रही है। I am not allowing you to speak further. Nothing will go on record, except the speech of Ms. Mehbooba Mufti.

*(Interruptions) ...**

---

* Not Recorded.

MS. MEHBOOBA MUFTI (ANANTNAG): Sir, I support this Bill. मैं यह जरूर कहूंगी कि " बहुत देर की मेहरबां आते-आते, परन्तु कोई बात नहीं, आए तो सही बहुत देर से।" यह एक अच्छी शुरुआत है।

सभापति महोदय, इस्लाम में कहा जाता है " हुबल वतन, मिनल इमान," यानी वतन से मोहब्बत करना इमान होता है। इसके साथ देश को मादरेवतन और मातृभूमि भी कहा जाता है। इसका मतलब है कि देश के जो लोग होते हैं वो देश माता के बच्चे होते है। मां का फर्ज होता है कि उसका जो बच्चा कमजोर हो या किसी मुश्किल में हो तो उसकी तरफ ज्यादा तवज्जो दे। मेरा मानना है, हमें आजादी मिले 50-60 साल हो चुके हैं, मातृभूमि का वह फर्ज पूरी तरह से अंजाम नहीं दे सका। जिसकी वजह से हमारा मुल्क पूरी दुनिया में, अगर हमारी हिस्ट्री देखी जाए तो किसी मुल्क की इतनी रिच हिस्ट्री नहीं होगी, परन्तु उसके बावजूद भी हम अभी बैकवर्ड कहलाए जाते हैं। हमारे यहां पापुलेशन एक्सप्लोज़न होता है। हमारे यहां इकोनोमिकल, सोशली बैकवर्डनेस की सबसे बड़ी वजह देखी जाए तो हमारी सोसायटी का, पापुलेशन का बहुत बड़ा सैक्शन वह है, जिसमें माइनोरिटीज़. एससी, एसटी, वूमैन और ओबीसी को हमने पिछले 60 साल से अपने साथ नहीं चलाया, बल्कि उन्हें अलग रखा। मैं माइनोरिटीज़ का ज्यादा जिक्र करूंगी, क्योंकि वे इसमें बहुत ज्यादा पिछड़ गए हैं। जब तक हम सोसायटी के इस सैक्शन की मदद नहीं करेंगे और मदद करने का जो सबसे आसान, सबसे पहला तरीका होना चाहिए, that is literacy. आप जब तक अपनी कौम को एजुकेशन नहीं देंगे तब तक वह कौम अवेयर नहीं हो सकती, वह ऊपर नहीं उठ सकती है।

महोदय, हमारे कुछ मित्रों का कहना है कि वे लोग पढ़ना नहीं चाहते तो हम क्या करें। ऐसी बात नहीं है। हमारे जम्मू-काश्मीर में एक डिस्ट्रिक्ट कारगिल है, वहां दो-तीन साले पहले बहुत कम एजूकेशन थी। वहां लड़कों को ज्यादातर मज़हबी तालीम देते थे। जब से कोलीशन की सरकार बनी है, हमने वहां लड़कियों के इंसेंटिव इंट्रोड्यूस किए हैं। आप यकीन करेंगे कि इस वक्त सेंट-परसैंट कारगिल में तकरीबन लड़कियों को एजूकेशन मिल रही है। अब वह वक्त दूर नहीं होगा जब कारगिल एजूकेशन के लिहाज़ से नम्बर वन होगा। हमारे जम्मू-काश्मीर में मुस्लिम मेज़ोरिटी होने के बावजूद, वहां प्रोबलम्स होने के बावजूद मदरसों की तादाद मुल्क के बाकी स्टेट्स की तुलना में कम है। उस की वजह यह है कि वहां प्राइमरी से लेकर यूनिवर्सिटी तक फ्री एजूकेशन है और जब लोगों को फ्री एजूकेशन मिल जाती है तो वह मदरसों की तरफ नहीं जाते। यहां जम्मू-काश्मीर को लेकर बड़ी-बड़ी बातें हुईं। सेक्युलरिज़्म पर बात हुई। मैं अपने मित्रों को बताना चाहती हूं कि गांधी जी को तब जो लाइफ नज़र आई

थी, वह अभी भी है।

अभी भी हमारे सी.एम. अगर मुस्लिम हैं तो डिप्टी सी.एम. हिन्दू हैं, हमारे चीफ सैक्रेटरी हिन्दू हैं, हमारे प्रिंसीपल सैक्रेटरी कश्मीरी पंडित हैं तो इससे बड़ी मिसाल आपको कहां मिलेगी। सैकुलरिज्म सिर्फ नारा नहीं है, जो यहां ऊपर से बोला जाता है। It should be in your heart, it should be in your mind. अगर वाकई हम सैकुलरिज्म का सबक सीखना चाहते हैं तो हमें जम्मू-कश्मीर से सीखना चाहिए।

